# वार्षिक प्रतिवेदन – 1992-93 ANNUAL REPORT



भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES**

# वार्षिक रिपोर्ट

# ANNUAL REPORT
## 1992-93

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

GOVERNMENT OF INDIA

MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES

PARLIAMENT LIBRARY
(Central Govts Publications
Acc. No. P.C..........
Date..........

PARLIAMENT LIBRARY
(Central Govt. Publications)
Acc. No. DC 87397(3)
Date 26.5.95

## विषय—सूची


| | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| अध्याय-1. | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय—इसकी स्थापना और उपलब्धियां | 1-5 |
| अध्याय-2. | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का ढांचा और कार्य | 6 |
| अध्याय-3. | खाद्यात्र मिलिंग उद्योग | 7-11 |
| अधयाय-4. | उपभोक्ता खाद्य उद्योग | 12-13 |
| अध्याय-5. | फल तथा सब्जी प्रसंस्करण | 14-17 |
| अध्याय-6. | दूध और दुग्ध उत्पाद | 18 |
| अध्याय-7. | मांस और पाल्ट्री प्रसंस्करण | 19-21 |
| अध्याय-8. | गहन समुद्री मात्स्यिकी | 22-29 |
| अध्याय-9. | सरकारी क्षेत्र के उपक्रम | 30-35 |



PARLIAMENT LIBRARY
(Central Govt. Publications
Acc. No. RC............
Date

## CONTENT


| | | | |
|---|---|---|---|
| CHAPTER | I | MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES - ITS ESTABLISHMENT AND ACHIEVEMENTS | 1 |
| CHAPTER | II | STRUCTURE AND FUNCTIONS OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES | 6 |
| CHAPTER | III | FOODGRAIN MILLING INDUSTRIES | 7 |
| CHAPTER | IV | CONSUMER FOOD INDUSTRIES | 12 |
| CHAPTER | V | FRUIT AND VEGETABLE PROCESSING | 14 |
| CHAPTER | VI | MILK AND MILK PRODUCTS | 18 |
| CHAPTER | VII | MEAT AND POULTRY PROCESSING | 19 |
| CHAPTER | VIII | DEEP SEA FISHING | 22 |
| CHAPTER | IX | PUBLIC SECTOR UNDERTAKINGS MODERN FOOD INDUSTRIES (INDIA) LIMITED | 30 |

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
# स्थापना और उपलब्धियां

# MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES
# ESTABLISHMENT AND ACHIEVEMENTS

अध्याय 1

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय—इसकी स्थापना और उपलब्धियां

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की स्थापना जुलाई 1988 में की गयी थी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, आधुनिक प्रौद्योगिकी से किसानों को फायदा पहुंचाने, निर्यात के लिए अतिरिक्त उत्पादन करने और प्रसंस्कृत खाद्यों के लिए मांग बढ़ाने की दृष्टि से एक सुदृढ़ और प्रभावकारी खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर स्थापित करने के लिए यह मंत्रालय एक मुख्य शक्ति के रूप में कार्य कर रहा है और इसे सौंपे गये कार्यों का निष्पादन कर रहा है।

इस मंत्रालय के विषय इस प्रकार हैं:—

1. फल और सब्जी प्रसंस्करण उद्योग (फ्रीजिंग और डी-हाइड्रेशन सहित)।

2. खाद्यान मिलिंग उद्योग।

3. दूध का पाउडर, शिशु दुग्ध आहार, माल्टेड मिल्क फूड, कण्डेंस्ड दूध, घी आदि जैसे डेरी उत्पाद।

4. पाल्ट्री और अण्डों, मांस के उत्पादों का प्रसंस्करण तथा रेफ्रीजेरेशन।

5. मछली का प्रसंस्करण (डिब्बा-बंदी और फ्रीजिंग सहित)।

6. खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित विकास परिषदों की स्थापना और व्यवस्था।

7. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को तकनीकी सहायता और परामर्श।

8. समुद्री सीमा के आगे के क्षेत्र में मछली पकड़ना और मात्स्यिकी।

9. ब्रेड, तिलहनों, भोजन (खाद्य), नाश्ता आहार, बिस्कुट, कन्फैक्शनरी (कोको प्रसंस्करण और चाकलेट उत्पादन सहित), माल्ट एक्सट्रक्ट, प्रोटीन आइसोलेट, हाई प्रोटीन फूड, वीनिंग फूड और एक्सट्रूडेड खाद्य पदार्थों (अन्य तैयार खाद्य पदार्थों सहित) से संबंधित उद्योगों के लिए योजना तैयार करना, उनका विकास करना, उन पर नियंत्रण रखना और उन्हें सहायता प्रदान करना।

10. खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए विशेषीकृत पैकेजिंग।

11. गैर-एल्कोहालिक बीयर सहित बीयर।

12. गैर-शीरे के बेस से एल्कोहालिक पेय।

13. वातित जल/साफ्ट ड्रिंक्स तथा अन्य प्रसंस्कृत खाद्य

देश के आर्थिक उदारीकरण के नये युग में प्रवेश करने और भारतीय उद्योग एवं व्यापार के सार्वभौमीकरण के फलस्वरूप रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान मंत्रालय की भूमिका में काफी परिवर्तन हुआ है। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में अधिक पूंजी निवेश को आकर्षित करने, निर्यात बढ़ाने और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के स्वस्थ विकास का एक सामान्य वातावरण उत्पन्न

CHAPTER I

# MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES - ITS ESTABLISHMENT AND ACHIEVEMENTS

Ministry of Food Processing Industries set up in July, 1988 continue to perform its assigned task and act as a prime force for creating strong and effective food processing sector with a view to create increased job opportunities in rural areas, enabling the farmers to reap benefit from modern technology, create surplus for exports and stimulating demand for processed food.

The subjects which are looked after by the Ministry are as under:

(i) Fruits and vegetable processing industry (including freezing and dehydration).

(ii) Foodgrain milling industry.

(iii) Dairy products such as milk powder, infant milk food, malted milk food, condensed milk, ghee, etc.

(iv) Processing and refrigeration of poultry and eggs, meat and meat products.

(v) Processing of fish (including canning and freezing).

(vi) Establishment and servicing of the Development Councils for food processing industries.

(vii) Technical assistance and advice to food processing industry.

(viii) Fishing and fisheries beyond territorial waters.

(ix) Planning, development and control of, and assistance to industries relating to bread, oilseeds, meals (edible), breakfast foods, biscuits, confectionery (including cocoa processing and chocolate making), malt extract, protein isolate, high protein food, weaning food and extruded food products (including other ready-to-eat foods).

(x) Specialised packaging for food processing industries.

(xi) Beer, including non-alcoholic beer.

(xii) Alcoholic drinks from non-molasses base.

(xiii) Aerated waters/soft drinks and other processed foods.

Consequent upon ushering in of a new era of economic liberalisation in the country and globalization of Indian industry and trade the role of the Ministry has undergone substantial change during the period under report. The Ministry, further reorganized itself to act as a catalyst for getting

करने के लिए एक प्रेरक के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से मंत्रालय ने अपना पुनर्गठन किया। औद्योगिक उद्यमी ज्ञापनों के माध्यम से फरवरी 1992 तक 25343 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश प्राप्त हो चुके हैं। सरकार ने लगभग 4000 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी है। इन पूंजी निवेशों से ऐसा अनुमान है कि 4 लाख से अधिक व्यक्तियों को नियमित प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होगा। जहां तक अप्रत्यक्ष रोजगार का प्रश्न है यह इससे काफी अधिक होगा।

इस वित्तीय वर्ष में औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में भी वृद्धि हुई है। परन्तु खाद्य प्रसंस्करण के कुछ उप-सेक्टरों में वृद्धि दर अपेक्षित स्तर तक नहीं हो पायी।

खाद्यान्न प्रसंस्करण सेक्टर में छोटी चावल मिलों के आधुनिकीकरण की गति लगभग पहले वर्षों के बराबर ही रही और 1 जनवरी 1993 को आधुनिकीकृत चावल मिलों की कुल संख्या 32969 थी जबकि 1970 तक यह संख्या शून्य थी। इन मिलों से अच्छे किस्म का ब्रान (चोकर) उपलब्ध होने से 1970-71 में 1.87 लाख टन की तुलना में 26.05 लाख टन ब्रान प्राप्त किया गया।

क्षेत्रीय विस्तार सेवा केन्द्रों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के फसलोत्तर प्रौद्योगिकी केन्द्र ने मिलिंग उद्योग को आवश्यक तकनीकी सहायता देना और अल्पकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि आयोजित करना जारी रखा। उपस्करों की जॉच, मशीनरी के चयन, परिचालन और अनुरक्षण के लिए मशीनरी निर्माताओं और मिलरों को 4 परीक्षण केन्द्रों से आवश्यक सहायता मिलती रही। तंजाबूर स्थित धान प्रसंस्करण अनुसंधान केन्द्र ने चावल मिलिंग की नई तकनीकों और यार्ड ड्राइंग प्रणाली के आधुनिकीकरण की परियोजनायें सफलतापूर्वक पूरी की। इन पद्धतियों का विस्तार इस केन्द्र और देश में दूसरे केन्द्रों द्वारा किया जा रहा है।

खाद्य प्रसंस्करण के इंजीनियरी पहलू के लिए बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए मंत्रालय ने केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान मैसूर में एक खाद्य इंजीनियरी केन्द्र की स्थापना के लिए कदम उठाये हैं। यह केन्द्र अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य करेगाः—

(1) नये उत्पादों का विकास।

(2) प्रसंस्करण का विकास, उन्नयन और उसे अधिकतम बनाना।

(3) संयंत्र की खराबियों और समस्याओं को दूर करना।

(4) संयंत्र और मशीनरी के लिए तकनीकी रिपोर्ट तैयार करना और आंकड़े बनाना।

(5) विशेष प्रकार के संयंत्र में दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम।

(6) सम्पूर्ण परियोजनाओं के लिए टर्नकी आधार पर कार्य।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान देश में लगभग 125 नई रोलर आटा मिलों को चालू कर दिया गया है। लोक वितरण प्रणाली के माध्यम से मिल के गेंहूँ उत्पादों (गेंहूँ के स्थान पर) की आपूर्ति करने का एक परीक्षण दिल्ली में आरंभ किया गया है। दिल्ली में रोलर आटा मिलिंग उद्योग ने यह स्कीम सफलतापूर्वक चलाई है। इससे रोलर आटा मिलिंग उद्योग के क्षमता उपयोग में सुधार लाने में मदद मिली है।

खाद्यान्न प्रसंस्करण सेक्टर में पंजाब, हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में 100 प्रतिशत निर्यातोन्मुखी 9 मामलों का अनुमोदन किया गया है। ये मुख्यतः बासमती चावल, साधारण चावल और दालों के निर्यात के लिए हैं जिसमें से चार को पहले ही कार्यान्वित कर दिया गया है।

larger investments in food processing sector, increasing exports and creating a general atmosphere for healthy growth of the food processing industries. Investment proposals through Industrial entrepreneur memorandum (IEM) for Rs.25,343 Crores have been received upto February, 1993. Government have approved various proposals worth about Rs.4,000 Crores. With all these investments, it is estimated that a regular direct employment for over 4 lakhs persons would be created. The indirect employment, of course, will be much larger.

In this financial year, the industrial production as such registered a positive growth. Food Processing Sector also registered a positive growth, However, in some sub-sectors of food processing, growth rate has not been of the desired level.

In the Grain Processing Sector, the pace of modernisation of small rice mills remained more or less the same as in previous years and the total number of modernised rice mills as on Ist January, 1993 were recorded to be 32,969 as against **nil** in 1970. As a result of improved bran availability from these mills, the processing of bran was recorded to be 26.05 lakh tonnes as against 1.87 lakh tonnes in 1970-71.

The regional Extension Service Centres and the Post Harvest Technology Centre at Indian Institute of Technology, Kharagpur continued to provide requisite technical assistance to the milling industry and conduct short duration training courses etc. Four testing centres provided necessary assistance to the machinery manufacturers and millers for testing of equipment, selection and operation and maintenance of machinery. The Paddy Processing Research Centre at Thanjavur has successfully completed projects for new techniques for milling of rice and modernisation of yard drying systems. The extension of these methods are being undertaken by the Centre as well as by other centres in the country.

To meet the growing demand for engineering aspect of the food processing, the Ministry has taken steps to set up a Food Engineering Centre to be located at Central Food Technology Research Institute, Mysore. The Centre will work inter alia in the following areas:

i) development of new products

ii) development, scale up and optimization of processes

iii) solving inplant problems and trouble shooting

iv) preparation of technical reports, design data for plant and machinery

v) specialised inplant training programmes

vi) turnkey assignments for total projects.

About 125 new roller flour mills have been commissioned in the country during the period under review. An experiment of supplying milled wheat products through PDS (instead of wheat) has been initiated in Delhi. The Roller Flour Milling Industry in Delhi have successfully operated this scheme. This has helped improvement of capacity utilisation of the Roller Flour Milling Industry.

In the Grain Processing Sector, 9 cases of 100% EOUs have been approved in the States of Punjab, Haryana, Gujarat and Maharashtra mainly for exports of basmati rice, ordinary rice and pulses out of which four have already been implemented.

उपभोक्ता उद्योगों में उच्च प्रोटीन खाद्यों और सर्वाधिक उर्जादायक खाद्यों के उत्पादन में मामूली वृद्धि हुई है। एक्सट्रूडेड खाद्यों की सामान्य वृद्धि दर कायम रही है। श्वेत पेयों और भूरे रंग के पेयों के उत्पादन में भी वृद्धि हुई है।

फल और सब्जी प्रसंस्करण सेक्टर में अनुमानित संस्थापित क्षमता दिसम्बर, 1991 के अन्त तक 9.5 लाख टन की तुलना में बढ़कर दिसम्बर, 1992 के अन्त्त तक 11.08 लाख टन हो गयी है। फल उत्पाद आदेश, 1955 के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त यूनिटों की कुल संख्या 31.12.91 को 3925 की तुलना में बढ़कर 31 दिसम्बर, 1992 को 4057 यूनिट हो गयी। इस अवधि के दौरान 100 प्रतिशत निर्यातोन्मुखी फल और सब्जी प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने के लिए 25 प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया और 5 निर्यातोन्मुखी फल और सब्जी प्रसंस्करण यूनिटों ने उत्पादन आरंभ कर दिया है। अचार, चटनियां, परिरक्षकों, जैम, जैली, मुरब्बा, स्क्वैस, चटनियों और सिरका जैसे पारम्परिक फल उत्पादों के उत्पादन में संतुलित वृद्धि रही जबकि अपारम्परिक फल और सब्जी उत्पादों जैसे फ्रोजन उत्पाद, सुखाये गये/निर्जलीकृत फलों और सब्जी उत्पादों, फलों के रस और सान्द्रणों और खाने के लिए तैयार फल उत्पादों में तुलनात्मक रूप से वृद्धि दर बढ़ी है। परन्तु पीने के लिए तैयार फल आधारित पेयों में वृद्धि अन्य फल उत्पादों में वृद्धि के अनुरूप नहीं रही। फल उत्पादों का निर्यात अप्रैल 1992 से फरवरी 1993 तक निरंतर बढ़ता रहा और पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 82.38 करोड़ रुपये की तुलना में यह बढ़कर 150 करोड़ रुपये का हो गया। रूस और सी०आई०एस० देशों को होने वाले निर्यात में बाधा के बावजूद भी निर्यात में बढ़ोत्तरी हुई। वित्तीय वर्ष के अंत तक निर्यात 200 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

जुलाई 1991 में दुग्ध उत्पाद उद्योग को लाइसेंस मुक्त करने के बाद उद्यमियों द्वारा दुग्ध उत्पाद तैयार करने के लिए यूनिटों की स्थापना हेतु 700 से अधिक ज्ञापन प्रस्तुत किए गये हैं। किंतु इसके पश्चात सरकार ने जून 1992 में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद आदेश 1992 की घोषणा की जिसके तहत अनिवार्य वस्तु अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत प्रतिदिन 10,000 लीटर से अधिक दूध का इस्तेमाल करने वाले व्यापारियों को दुग्ध नियंत्रक के पास पंजीकरण करना होता है। पंजीकरण और दुग्ध शेडों के आबंटन इत्यादि में विलम्ब के कारण इन नये यूनिटों की स्थापना करने में कुछ बाधा उत्पन्न हुई है। दुग्ध छेना और ह्वे प्रोटीन तैयार करने के लिए विदेशी सहयोग वाले एक संयुक्त उद्यम का अनुमोदन किया गया है।

मांस और मांस उत्पादों के मामले में निजी क्षेत्र और संयुक्त क्षेत्र में नये प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की नयी प्रवृत्ति देखी गयी है। हैदराबाद के निकट निजी क्षेत्र में एक बड़ा कसाईखाना उत्पादन के लिए अब तैयार है। पंजाब में एक नया भैंस मांस प्रसंस्करण संयंत्र संयुक्त सेक्टर में अनुमोदित किया गया है जिसे कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। मांस परियोजनाओं में 6 निर्यातोन्मुखी यूनिटों का अनुमोदन किया गया है और इन्हें कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। मांस परियोजनाओं में 6 निर्यातोन्मुखी यूनिटों का अनुमोदन किया गया है और इन्हें कार्यान्वित किया जा रहा है। निर्यातोन्मुखी यूनिटों के रूप में पहली बार अंडा प्रसंस्करण संयंत्र भी स्थापित किए जा रहे हैं जिनके लिए 4 अनुमोदन मंजूर किए गये हैं। अप्रैल 92 से फरवरी 1993 तक 270 करोड़ रुपये मूल्य के मांस उत्पादों का निर्यात किया गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 202 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था। मांस उत्पादों के मामले में यह अनुमान है कि 1992-93 के अन्त तक निर्यात 330 करोड़ रुपये से अधिक होगा। पहली बार प्रसंस्कृत मुर्गियों का भी निर्यात किया गया भले ही इस निर्यात की मात्रा बहुत कम थी।

गहन समुद्री मात्स्यिकी सेक्टर में मंत्रालय द्वारा संयुक्त उद्यम, पट्टेदारी और परीक्षण मात्स्यिकी की नीति के कार्यान्वयन के लिए चलाये गये सशक्त अभियान के परिणामस्वरूप 26 प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया है जिनके कार्यान्वित होने पर संसाधनों के दोहन विशेषतया टूना और कुछ अन्य मछलियों जिनका अभी तक पूरी तरह दोहन नहीं किया गया है, के दोहन के लिए 113 बड़े गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयानों की अभिवृद्धि होगी। इन उद्यमों में से कुछ में मूल्य वर्धित मछली उत्पाद तैयार करने के लिए कम मूल्य की मछलियों का जलयान पर प्रसंस्करण भी शामिल है। इन अनुमोदित स्कीमों में 6 उद्यमों ने 1992 के अंत तक 7 बड़े जलयानों द्वारा अपने प्रचालन पहले ही आरंभ कर दिए हैं और 1992-93 के अंत तक 6 और परियोजनाओं को परिचालित किए जाने की संभावना है। परीक्षण मात्स्यिकी और पट्टेदारी के 23 संयुक्त उद्यम प्रस्तावों में करीब 60 लाख अमरीकी डालर का विदेशी निवेश निहित है।

गहन समुद्री मात्स्यिकी के अलावा 1992-93 के दौरान मछली प्रसंस्करण और विपणन के लिए 100 प्रतिशत

In the consumer industries, production of high protein food and high energy food has increased marginally. Extruded foods have maintained its usual growth rate. The production of White beverages and brown beverages have also maintained its growing trend.

In the fruits & vegetable processing sector, the estimated installed capacity has increased from 9.5 lakh tonnes at the end of December, 1991 to 11.08 lakh tonnes at the end of December, 1992. The total number of units licensed under Fruit Products Order, 1955 have increased from 3925 as on 31.12.91 to 4057 as on 31st December, 1992. During this period 25 proposals for setting up 100% export oriented fruit and vegetable processing units have been approved and five fruits and vegetable processing export oriented units have come into production. While the production of traditional fruit products like pickles, chutneys, preserves, jams, jellies, marmalades, squashes, sauces and vinegar continued to maintain steady growth, non-traditional fruits and vegetable products like frozen products, dried/dehydrated fruits and vegetable products, juices and concentrates and ready-to-eat fruit products have shown a comparatively increasing growth rate. However, in RTS fruit based drinks, growth has not been commensurate with the growth of other fruit products. The exports of fruit products have consistently been increasing and from April, 1992 to February, 1993, the estimated export was Rs.150 Crores as against Rs.82.38 Crores during the corresponding period last year. This increasing trend was noticed in spite of the set-backs in exports to Russia and CIS countries. By end of the financial year exports were expected to touch Rs.200 crores

Since he delicensing of milk products industry in July, 1991, over 700 memoranda have been filed by the entrepreneurs for the establishment of milk products manufacturing units. But subsequent to that the government in June, 1992 promulgated a Milk and Milk Products Order 1992 which under Section 3 of the Essential Commodities Act requires traders using more than 10,000 ltrs. a day to get reregistered with the Milk Controller. Delay in registration and allocation of milk sheds, etc. have caused some set back for setting up of these new units. One joint venture unit with foreign collaboration for manufacture of milk caesins and whey proteins has been approved.

In the meat and meat products, a new trend of setting up of new processing plants in the private sector and joint sectors has been noted. One large Abattoir in the private sector near Hyderabad is now ready for production. A new buffalo meat processing plant in Punjab has been approved in joint sector which is under implementation. This Ministry provided financial assistance for these projects. In the meat projects, 6 EOUs have been approved and are under implementation. For the first time egg processing plants are also being set up as EOUs for which 4 approvals have been granted. Export of meat products from April to February, 1993 were Rs.270 Crores, as against Rs.200 crores in the same period last year. In the case of Meat and meat products, it is expected that by the end of 1992-93 the exports may cross Rs.330 Crores. For the first time processed chicken has also been exported, though in small quantities.

In deep sea fishing sector, as a result of vigorous drive of the Ministry for implementation of policy of joint venture, leasing and test fishing, 25 proposals have been approved which when implemented will add 113 large deep sea fishing vessels to exploit the resources, particularly of tuna and some other fish which were hitherto not exploited fully. Some of these ventures also include on-board processing of low value fishes to produce value added fish products. Of these schemes approved, 6 ventures have already started their operation with 7 large vessels. By the end of 1993, six more projects are likely to be operationalised. Of the joint ventures, test fishing and leasing 23 joint venture proposals involve foreign investment of about US $ 6 million.

Apart from deep sea fishing, 36 proposals for setting up 100% EOUs for fish processing

निर्यातोन्मुखी यूनिट स्थापित करने हेतु 36 प्रस्ताव स्वीकृत किए गये हैं। इन प्रस्तावों में से 7 प्रस्ताव विदेशी इक्विटी भागीदारी वाले संयुक्त उद्यमों के लिए हैं। इन परियोजनाओं में कुल विदेशी निवेश 120 लाख अमरीकी डालर होने का अनुमान है। 100 प्रतिशत विदेशी इक्विटी भागीदारी वाले ताजे जल में मत्स्य पालन, चारा मिल और मछली प्रसंस्करण के लिए एकीकृत परियोजनाओं की पहली बार अनुमति दी गयी है और इसका प्रयोजन 1500 मी॰ टन प्रति हेक्टेयर तक ताजे जल की झींगा का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करना है।

समुद्री उत्पादों के निर्यात में बढ़ोत्तरी हुई। अप्रैल से दिसम्बर 1992 के दौरान 1, 32541 टन समुद्री उत्पादों का निर्यात किया गया जिनका मूल्य 1180 करोड़ रुपये था जबकि 1991 की इसी अवधि में यह निर्यात 1,18,249 टन था जिसका मूल्य 1002.91 करोड़ रुपये था। यूनिट मूल्य भी 1991-92 के 84.81 प्रति किलो से सुधर कर 92-93 में 89.04 प्रति किलो हो गया।

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण ने समुद्री संसाधनों के प्रभावकारी दोहन के लिए समुद्रतटीय भारतीय राज्यों और मात्स्यिकी जलयानों को महत्वपूर्ण निवेश प्रदान करना जारी रखा। इसके द्वारा अंडमान समुद्र में लाॅबस्टर का पता लगाये जाने से मात्स्यिकी उद्योगों को अंडमान तट से समुद्री उत्पादों के अधिक दोहन में मदद मिली। भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण द्वारा अरब सागर में फिन फिश का कुछ समय पहले पता लगाये जाने से अरब सागर से अच्छी तादाद में समुद्री मछली प्राप्त करने की अच्छी भावी संभावनाएं हैं।

आठवीं पंचवर्षीय योजना का कार्यान्वयन वर्ष 1992-93 से शुरू हुआ। राष्ट्रीय विकास के लिए प्राइवेट पहल को मुक्त करने के लिए राष्ट्रीय आठवीं योजना के मूल उद्देश्य के अनुसार मंत्रालय ने अपनी योजना तैयार की जिसमें सरकार को सुविधायें उपलब्ध कराने वाले की भूमिका अदा करनी है। योजना में उन क्षेत्रों के लिए सरकारी सेक्टर का पूंजी निवेश निहित है जहां निजी क्षेत्र के पहल की कमी है, और इस सेक्टर के विकास के लिए प्रोत्साहन और बुनियादी सुविधाओं के विकास में मदद देकर आवश्यक गति प्रदान करना है। सहकारी सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर या स्वैच्छिक सेक्टर में होने वाले लोगों के प्रयत्नों को भी प्रोत्साहित किया जाना है। योजना आयोग ने जहां आठवीं योजना के लिए 146 करोड़ रुपये परिव्यय अनुमोदित किया वहां वर्ष 1992-93 के लिए 40 करोड़ रुपये का परिव्यय रखा गया था। विभिन्न सेक्टरों के विकास के लिए तैयार की गई स्कीमों का कार्यान्वयन कर लिया गया है और उनके लिए सहायता प्रदान की गई थी जैसा कि आगे के अध्यायों में उल्लेख किया गया है।

मंत्रालय ने राज्यों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास के लिए विभिन्न राज्य सरकार के विभागों और केन्द्रीय सरकार के बीच समन्वय करने हेतु नोडल एजेंसियों को चुनने का अनुरोध किया था। अधिकांश राज्यों ने अपनी नोडल एजेंसियों को मनोनीत कर लिया है। ऐसी आठ नोडल एजेंसियों को सहायता भी प्रदान कर दी गई है जिन्होंने अपनी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सहायता मांगी थी।

राज्यों और केन्द्रीय सरकार के बीच घनिष्ठ समन्वय स्थापित करने के लिए क्षेत्र के संबंधित राज्यों के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री की अध्यक्षता में चार क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की गई थीं जिनमें खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, पशुपालन, मात्स्यिकी, उद्योग आदि विभागों के प्रभारी मंत्रियों ने भाग लिया था। अनेक मुख्य मंत्रियों ने इसमें काफी रुचि दिखाई और केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री के साथ अलग-अलग विचार विमर्श किया था और दक्षिणी राज्यों की क्षेत्रीय बैठक में कर्नाटक के मुख्य मंत्री ने भाग लिया था। इन बैठकों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के तीव्र विकास के लिए विचारों का आदान प्रदान किया गया था।

अखिल भारतीय खाद्य परिरक्षण संघ, खाद्य व्यापार एवं उद्योग संघ, फेडरेशन आफ इंडियन चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, लघु और मझोले देशों की विश्व असेम्बली और नेशनल एलायंस आफ यंग इंटरप्रेन्युअर्स आदि द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों में भी मंत्रालय ने सहायता की और भाग लिया। मंत्रालय ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित आहार 1993 खाद्य प्रदर्शनी में भी भाग लिया और सहायता प्रदान की।

## Exports of Processed Foods
(Including processed cereals)




फल एवं सब्जी प्रसंस्करण उद्योग की स्थापित क्षमता

## Installed Capacity of F & VP Industry
(as on 1st Jan. of the Year)




समुद्री उत्पाद का निर्यात

## Exports - Marine Products




फल उत्पाद आदेश लाईसंसकारियों की संख्या

## No. of licensed units under FPO



and marketing have been cleared during 1992-93. Seven out of these proposals are for joint ventures with foreign equity participation. Total foreign investment in these projects is expected to be US $ 12 million. Integrated projects for fresh water aqua-culture, feed mill and fish processing with 100% foreign equity participation have been permitted for the first time to achieve a production of fresh water prawns upto 1500 MT per hectare.

Export of marine products showed an increasing trend. During April-December, 1992, 1,32,541 tonnes of marine products valued at Rs.1180 crores was exported as against 1,18,249 tonnes, valued at Rs.1002.91 crores in the corresponding period of 1991. The unit value realisation also improved from Rs.84.81 per kg in 1991-92 to Rs.89.04 per kg in 1992-93.

Fishery Survey of India continued to give valuable inputs to maritime Indian states and fishing vessels for effective exploitation of marine resources. Its findings of lobster in Andaman waters helped fishing industries to richer haul of marine products from these waters. FSI's new recording of certain fin fish in Arabian Seas holds better future prospects of better marine harvest in Arabian Seas.

Implementation of the Eight Five Year plan began from the year 1992-93. In line with the basic thrust of the national Eighth Plan to unfetter private initiative for national development, the Ministry formulated its Plan wherein the Government is to act as a facilitator. The Plan envisages public sector investment in those areas where private initiative is lacking, provide requisite stimulus by way of incentives and help development of infrastructure for the growth of this sector. Peoples efforts, may these be in the cooperative sector, private sector or voluntary sector, are also sought to be encouraged. While the Planning Commission approved a Plan outlay of Rs. 146 crores for the 8th Plan, the outlay for the year 1992-93 was Rs. 40 crores. The schems formulated for the development of different sectors have been implemented and the assistances provided are indicated in the subsequent Chapters.

The Ministry had requested the States to nominate nodal agencies for coordinating with the Central Government as well as with the different Departments of the States for the purpose of development of food processing industries in the States. Most States have nominated their nodal agencies. Plan assistance has also been provided to eight such nodal agencies who sought such assistance for strengthening their infrastructure.

In order to develop closer coordination between the States and the Central Government, four regional meetings were held under the Chairmanship of the Union Minister of State for Food Processing Industries with the concerned States of the regions wherein the Ministers in-charge of Food Processing, Agriculture, Animal Husbandry, Fisheries, Industries etc. of the concerned States had attended. While many Chief Ministers took keen interest and had separate discussions with the Union Minister of State for Food Processing Industries, the Chief Minister of Karnataka participated in the regional meeting of the Southern States. In these meetings ideas were exchanged for faster development of the food processing industries.

Ministry also assisted and participated in various seminars oganised by All India Food Preservers' Associatioon, Confederation of Food Trade and Industries, Federation of Indian Chamber of Commerce & Industries, World Assembly of Small and Medium Enterprises, National Association of Young Enterpreneous etc. Ministry also participated and assisted the AHARA 1993 Food Exhibition held at Pragati Maidan, New Delhi.

इसके अलावा मंत्रालय ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विभिन्न पहलुओं पर संभाव्यता रिपोर्ट तैयार करने और अध्ययन के लिए राज्य सरकार के विभिन्न संगठनों, सहकारिताओं और दूसरे संगठनों को भी सहायता प्रदान की। मंत्रालय ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विभिन्न उप सेक्टरों के लिए निष्पादन पुरस्कार भी आरंभ किये हैं।

मंत्रालय ने केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर के सहयोग से ''प्रोजेक्ट अपरच्यूनिटीज फार फूड इंडस्ट्रीज'' नामक एक पुस्तक का प्रकाशन किया जिसमें 50,000 रु० से लेकर 10 लाख रुपये तक के पूंजी निवेशों वाले लगभग 130 खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की परियोजना रूपरेखा दी गई है। इच्छुक उद्यमियों को सूचना प्रदान करने के लिए नोडल एजेंसियों के पास यह पुस्तक उपलब्धं कराई गई है।

विदेशों में और देश के अंदर भावी इच्छुक पूंजी निवेशकों को जानकारी प्रदान करने की दृष्टि से मंत्रालय ने ''फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज इन इंडिया'' इन्वेस्टमेंट अपरच्यूनिटीज'' नामक पुस्तक का प्रकाशन किया जिसे विदेशों में भारतीय मिशनों, चैम्बर्स आफ कामर्स इण्ड इंडस्ट्रीज, राज्य सरकारों और भारत स्थित विदेशी मिशनों के पास भेज दिया गया है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की समस्याओं को इस उद्योग द्वारा समय-समय पर उजागर किया गया है। इस मंत्रालय द्वारा की गयी सिफारिशों के आधार पर 1991-92 के केन्द्रीय बजट में अनेक रियायतें दी गयी थीं। कांच की बोतलों और पैकेजिंग के कुछ अन्य क्षेत्रों में 1992-93 के बजट में और रियायतों को जारी रखना और 1991-92 में दी गई शुल्क रियायतें प्रभावकारी सिद्ध हुईं जिससे इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली। 1993-94 के बजट प्रस्तावों में पूंजीगत सामान, मशीनरी, पैकिंग सामग्री और कुछ उत्पादों पर और वित्तीय रियायतों का प्रस्ताव किया गया है।

Besides, the Ministry assisted various State Government organisations, Cooperatives and other organisations for preparation feasibility reports and studies on the various aspects of food processing industries. Ministry has also introduced performance awards to the various sub-sectors of the food processing industries.

The Ministry in collaboration with CFTRI brought out a book titled "Project Opportunities for Food Industry" containing project profiles of about 130 food processing units with investments ranging between Rs. 50,000 to Rs. 10 lakhs. The book is being made available to the nodal agencies for dissemination of information to the prospective entrepreneurs.

With a view to provide information to the prospective investors from abroad and within the country, the Ministry published a Book titled "Food Processing Industries in India"-Investment Opportunities" which has been sent to the Indian Missions abroad, Chambers of Commerce & Industries, State Governments and foreign Mission in India.

Problems faced by the food processing industries have been highlighted from time to time by the industry. Based on the recommendations made by the Ministry, a number of concessions were given in the Union Budget for 1991-92. Further concessions were made available in some areas of packaging as in glass bottles and some other areas in the Budget of 1992-93 and the duty concessions given in 1991-92 continued to be effective and helped attracting investments in this sector. In the Union budget proposals of 1993-94 further Fiscal reliefs for the capital goods, machines, packaging materials and some other products have been proposed.

## अध्याय 2

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का ढांचा और कार्य

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की स्थापना समर्थ एवं गतिशील खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास के लिए केन्द्र बिन्दु के रूप में की गयी थी। अतः कृषि और इससे संबंधित गतिविधियों में उत्पादन बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उत्पन्न करने, कृषि के विविधीकरण तथा वाणिज्यिकरण, फसल पूर्व और फसलोत्तर बर्बादी को कम करने एवं निर्यात बढ़ाने के लिए कच्चे माल की उपयुक्त प्राप्ति में सक्षम उद्योगों को अनिवार्य आवश्यकता माना गया है। यह मंत्रालय देश में खाद्य प्रसंस्करण उदयोगों को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और उद्देश्यों के अन्तर्गत इसे आबंटित विनिर्दिष्ट उद्योगों के संबंध में नीतियों और योजनाओं को तैयार करने तथा उन्हें कार्यान्वित करने के लिए सरकार का एक अभिकरण है। अतः यह मंत्रालय उद्योग के स्वस्थ विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार करने, राज्य सरकारों की भागीदारी, प्रौद्योगिकी और क्वालिटी मानकों के उन्नयन, घरेलू बाजार को सक्रिय करने, निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करने और जब कभी आवश्यक हो करों और शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने के लिए प्रेरक नीति का वातावरण तैयार करने का प्रयास करता है। यह विदेशी सहयोग और निर्यातोन्मुखी यूनिटों के लिए आवेदनों पर कार्रवाई करता है और सामान्यतः अच्छी संभावनाओं वाले उद्यमियों को सहायता प्रदान करता है। अतः मंत्रालय के कार्यों का वर्गीकरण इस प्रकार किया जा सकता है।

1. विकासात्मक एवं उन्नायक
2. विनियमनकारी और
3. तकनीकी और परामर्शी

ये कार्य केन्द्रीय और क्षेत्रीय संगठनों द्वारा संपादित किए जाते हैं जिनमें विषय विशेपज्ञ शामिल हैं। मंत्रालय के वर्तमान संगठन को दर्शाने वाला चार्ट रिपोर्ट के साथ संलग्न है (अनुलग्नक-1)

इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में मैसर्स मा`डर्न फूड इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड, गुवाहटी नामक दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं जो पूर्णतः खाद्य प्रसंस्करण और विपणन से संबद्ध हैं।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और अधीनस्थ कार्यालयों का संगठनात्मक ढांचा



Annexure-I

## ORGANISATIONAL STRUCTURE OF MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES AND ATTACHED OFFICES



## CHAPTER II

# STRUCTURE AND FUNCTIONS OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES

The Ministry of Food Processing Industries was created to act as focal point for developing a sound and vibrant food processing industry, as such industries with adequate backward linkage are identified to be an essential requirement for improving productivity in agriculture and allied activities, generation of employment in rural areas, diversification and commercialisation of agriculture, reduction of pre and post-harvest wastages and increasing export. This Ministry is a central agency of the Government for promotion of food processing industries in the country including formulation and implementation of policies and plan in respect of specified industries allotted to this Ministry within the national priorities and objectives. This Ministry, therefore, endeavours to create a conducive policy environment for healthy growth of this industry, improve infrastructure, seek involvement of State Governments, promote upgradation of technology and quality standards, help activating domestic market, focus on exports and rationalisation of taxes and duties whenever required. It processes applications for foreign collaborations and export oriented units and generally renders assistance to prospective entrepreneurs. The functions of the Ministry, therefore, can be classified as:

(i) Developmental & Promotional

(ii) Regulatory, and

(iii) Technical and Advisory.

These functions are carried out through the central and field organisations which include subject specialists. A Chart showing the present organisation of the Ministry is annexed to Report (Annexure-I).

Two Public Sector Undertakings, namely, M/s Modern Food Industries (India) Ltd. and North Eastern Regional Agricultural Marketing Corporation Ltd., Guwahati, which are associated solely with the food processing and marketing, are under the administrative control of this Ministry.

## अध्याय 3

# खाद्यान्न मिलिंग उद्योग

### चावल मिलों का आधुनिकीकरण

देश में चावल मिलिंग उद्योग का आधुनिकीकरण 1970 में ब्रान और हस्क जैसे सह-उत्पादों की अच्छी क्वालिटी और चावल का अधिक उत्पादन करने की दृष्टि से किया गया था। ब्रान और हस्क क्रमशः खाद्य तेल/औद्योगिक तेल निस्सारण के साधन हैं। यह प्रक्रिया चावल मिलिंग उद्योग (विनियमन) अधिनियम, 1958 और चावल मिलिंग उद्योग (विनियमन एवं लाइसेंसिंग) नियमावली, 1958 में संशोधन करके आरंभ की गई थी। आधुनिकीकरण के पहले चरण में शेलर-एवं हलर और बहु-हलरों को लिया गया था। तथापि, सिंगल हलर मिलों के आधुनिकीकरण में निहित विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 27 जुलाई, 1984 तक विद्यमान यूनिटों को आधुनिकीकरण से छूट दी गयी है। यह ढील अधिनियम और नियमों के अंतर्गत उल्लिखित कुछेक श्रेणियों की मिलों को छोड़कर उपर्युक्त तारीख के बाद स्थापित किए गए नए सिंगल-हलर यूनिटों के लिए उपलब्ध नहीं थी। हलर मिलों के आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करने विषयक एक हलर सब्सिडो स्कीम छः राज्यों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कार्यान्वित की जा रही है। आधुनिकीकरण की गति को तेज करने के लिये केन्द्रीय सेक्टर की हलर सब्सिडी स्कीम उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और कर्नाटक राज्यों में आरंभ की गई। राज्य सरकारों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टों के जरिये आधुनिकीकरण की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है और जहां कहीं कठिनाइयां ध्यान में आती हैं उनकी जांच मंत्रालय द्वारा की जा रही है।

सरकार द्वारा किये गये निरन्तर प्रयत्नों को देखते हुए आधुनिकीकरण/आधुनिकीकृत चावल मिलों की संख्या 1970 में शून्य से 1992 में 32969 पहुंच गई है। तेल निकालने के लिए प्रसंस्कृत चावल ब्रान की मात्रा भी 1970-71 में 1.87 लाख टन से बढ़कर 1992-93 में 28.09 लाख टन हो गयी है।

### अनुसंधान और विकास, विस्तार तथा प्रशिक्षण

कानूनी उपायों के अलावा, सरकार अपने दो अनुसंधान केन्द्रों अर्थात् भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) में पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नोलॉजी सेंटर तथा धान प्रसंस्करण अनुसंधान केन्द्र तंजावूर (तमिलनाडु) के जरिये अनुसंधान और विकास संबंधी विभिन्न गतिविधियां प्रायोजित कर रही है। इसके अलावा, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश (दो केन्द्र) और पश्चिम बंगाल, गुजरात के राज्यों में स्थापित दस क्षेत्रीय विस्तार सेवा केन्द्रों के बिछे जाल के माध्यम से चावल मिल आधुनिकीकरण से संबंधित विस्तार और प्रशिक्षण कार्य किया जाता है।

### सहायता अनुदान

चावल मिलों के आधुनिकीकरण की गतिविधियों से संबंधित विभिन्न संस्थानों को सहायता अनुदान दिये जा रहे हैं। ये अनुदान मुख्यतया अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने, चावल मिलिंग उद्योग के आधुनिकीकरण से संबंधित विस्तार और प्रशिक्षण कार्यों तथा सह-उत्पादों के बेहतर इस्तेमाल के लिए दिये जाते हैं। वर्ष के दौरान सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले संगठनों और उनके द्वारा शुरु की गई गतिविधियों की स्थिति संक्षेप में निम्नलिखित पैराग्राफों में दी गई है।


WHEAT ATTA

CHAPTER III

# FOODGRAIN MILLING INDUSTRIES

## MODERNISATION OF RICE MILLS

The Modernisation of rice milling industry in the country was taken up in 1970 with a view to obtain the higher yields of rice and better quality of by-products such as bran and husk suitable for edible oil/industrial oil extraction and as a source of fuel respectively. The process was initiated by amending the Rice Milling Industry (Regulation) Act 1958 and Rice Milling Industry (Regulation & Licensing) Rules, 1959. In the initial phase of modernisation, shellers-cum-hullers and multiple hullers were brought under the purview of modernisation. However, keeping in view the various problems involved in the modernisation of single huller mills, the units existing on 27.7.1984 have been exempted from modernisation. This relaxation is not available to new single huller mills set up after the date, except to certain categories enumerated under the Act and the rules made thereunder. A huller subsidy scheme to encourage modernisation of huller mills is being implemented in six States, viz. Andhra Pradesh, Maharashtra, Orissa, Tamil Nadu, Uttar Pradesh and West Bengal. In order to accelerate the pace of modernisation, a Central sector huller subsidy scheme was also initiated in the States of U.P., Orissa and Karnataka. The progress of modernisation of rice mills is being reviewed periodically through the reports received from the State Governments and wherever any constraints are being noticed, these are being looked into by the Ministry.

In view of the sustained efforts made by the Government, the number of modern/modernised rice mills has gone up from practically nil in 1970 to 32969 in 1993 (Table-1). Also, the quantity of rice bran processed for oil extraction has increased from 1.87 lakh tonnes in 1970-71 to 28.09 lakh tonnes in 1992-93.

## R&D, EXTENSION & TRAINING

Apart from legislative measures, the Government has been sponsoring various research and development activities through its two research centres, namely, Post Harvest Technology Centre in the Indian Institute of Technology, Kharagpur (W. Bengal) and Paddy Processing Research Centre, Thanjavur (Tamil Nadu). In addition, extension and training work on rice mill modernisation is undertaken through a network of ten Regional Extension Service Centres established in the States of Andhra Pradesh, Karnataka, Madhya Pradesh, Maharashtra, Orissa, Tamil Nadu, Uttar Pradesh (two centres), West Bengal and Gujarat.

## GRANTS IN AID

Grants in aid are being provided to various institutions in connection with the activities of modernisation of rice mills. The aid is intended mainly to promote research and development, extension and training work on modernisation of rice milling industry and better by-product utilisation. The organisations which have received grants during the year and the activities undertaken by them are briefly indicated in the following paragraphs.

चावल प्रसंस्करण के विभिन्न पहलुओं और सहोत्पादों के उपयोग जैसे कि सुखाने, भण्डारण, सेलीकरण, मिलिंग, ब्रान-स्थिरीकरण, तेल निस्सारण आदि पर मूलभूत अनुसंधान कार्य धान विधायन अनुसंधान केन्द्र, थंजावुर में किया जा रहा है। इस समय इस केन्द्र द्वारा निम्नलिखित परियोजनाएं चलाई जा रही हैं:—

(क) चावल मिलिंग के लिए नई तकनीकों का विकास

(ख) यार्ड ड्राइंग प्रणाली और उपकरणों का आधुनिकीकरण।

इस केन्द्र की स्थापना पंजीकृत सोसायटी के रूप में दिसम्बर, 1984 में की गई थी। इसने थंजावुर में स्थित अपनी नई बिल्डिंग में दिसम्बर, 1987 में शिफ्ट कर लिया था और वहां यह अपना अनुसंधान और विकास कार्य जारी रखे हुए है।

**धान प्रसंस्करण अनुसंधान केन्द्र थंजावुर के लिए 40.00 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है।**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर में थित पोट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी केन्द्र इंजीनियरों, तकनीशियनों, आपरेटरों आदि को चावल और अनाजों के प्रसंस्करण के संबंध में पोस्ट हार्वेस्ट के पहलुओं के बारे में प्रशिक्षण संबंधी सुविधाएं सुलभ कराता है। यह केन्द्र पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नालॉजी में एम.टेक., पी.एच.डी. और डाक्टरोत्तर पाठ्यक्रम और चावल मिलिंग में अल्पकालीन पाठ्यक्रम भी चलाता है। इस केन्द्र में कोलम्बो योजना और विशेष राष्ट्रमंडल अफ्रीका सहायता योजना (स्काप) के अंतर्गत विदेशी नागरिकों के लिये विशेष पाठ्यक्रम भी चलाये जाते हैं। इस केन्द्र में इस समय 11 विद्यार्थी एम.टेक., 15 पी.एच.डी. और 1 अनुसंधान एसोसिएट छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अध्यापन गतिविधियों के अलावा, यह केन्द्र चावल प्रसंस्करण सह-उत्पादों के उपयोग आदि से संबंधित इंजीनियरी पहलुओं पर अनुसंधान और विकास कार्य में भी लगा हुआ है। वर्ष 1992-93 के दौरान (क) तटीय क्षेत्र में खाद्य फसलों के भण्डारण में सौर ऊर्जा सहायित प्राथमिकता सोखन प्रशीतन प्रणाली और (ख) फलों के भण्डारण और सब्जियों को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए नियंत्रित और परिष्कृत भण्डारण से संबंधित अनुसंधान और विकास परियोजनाएं भी चलाई गई हैं।

**इस केन्द्र के लिए 40.00 लाख रु. का अनुदान स्वीकृत किया गया है।**

फल एवं सब्जी प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना की स्कीम के अंतर्गत ऐसी प्रसंस्करण सुविधाओं, की स्थापना, फसलोत्तर भण्डारण सहित बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिये राज्य सरकार के संगठनों, सहकारिताओं, स्वैच्छिक ऐजेंसियों, स्वायत्तशासी निकायों, सहायित/प्राइवेट सेक्टर और संयुक्त सेक्टर को इक्विटी या अनुदान के रूप में कुछ धनराशि सहायता स्वरूप दी जाती है। रिपोर्टाधीन वर्ष में विभिन्न राज्यों/संगठनों से सहायता के लिये प्राप्त 20 ऐसे प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

प्रसंस्करण उद्योगों को कच्चे माल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये यह मंत्रालय प्रसंस्करण उद्योगों द्वारा ठेके पर खेती को प्रोत्साहन देता है। पिछड़े संपर्कों को सुदृढ़ करने की स्कीम के अंतर्गत कम से कम 25 किसानों के साथ ठेके के लिये खरीद मूल्य के 5% तक की सहायता दी जाती है परन्तु यह धनराशि प्रति यूनिट 10 लाख से अधिक नहीं होगी। रिपोर्टाधीन वर्ष में ऐसे दो प्रस्तावों पर विचार किया गया।

खुम्बी की खेती और प्रसंस्करण से घरेलू और निर्यात बाजारों में उसकी बिक्री की अच्छी संभावनाएं हैं। खुम्बी की खेती और प्रसंस्करण की बड़ी कठिनाइयों को दूर करने के लिये यह मंत्रालय बुनियादी सुविधाओं के विकास की एक स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है जिसके अंतर्गत स्पॉन प्रयोगशालाओं की स्थापना, कम्पोस्ट पास्चराइजेशन और प्रसंस्करण सुविधाओं के लिये सहायता दी जाती है। विभिन्न राज्यों से प्राप्त 4 प्रस्तावों के लिये सहायता दी गई है।

बीयर तैयार करने के लिये हॉप्स एक अनिवार्य कच्चा माल है। बीयर उद्योग की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होने से आने वाले वर्षों में हॉप्स के लिये काफी मांग होने की संभावना है। इस समय हॉप्स की आवश्यकता आयात द्वारा पूरी की जाती है। विदेशी मुद्रा की बचत के लिये एक स्कीम के अंतर्गत हॉप्स का विकास और प्रसंस्करण किया जा रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर आदि पहाड़ी क्षेत्रों में हॉप्स के विकास के लिये सहायता प्रदान करने हेतु सहायता दी जा रही है। वर्ष 1992 के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य में ऐसी सुविधाओं के विकास के लिये 40 लाख रु० की धनराशि पहले ही स्वीकृत कर दी गई है।

प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के संबंध में उनकी सफाई एवं सुविधा के बारे में उपभोक्ताओं में जागृति बढ़ाने के लिये यह मंत्रालय प्रसंस्कृत खाद्यों के व्यापक प्रचार और एफ पी ओ चिन्ह के महत्व की एक स्कीम कार्यान्वित कर रहा है। प० बंगाल के एक ऐसे यूनिट को सहायता दी गई है जो अपने प्रचलित ब्राण्ड नामों के अधीन छोटे उत्पादकों के उत्पादों की बिक्री कराता हैं। यह मंत्रालय क्वालिटी नियंत्रण प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिये भी सहायता देता है।

Under the scheme for setting up of F&VP units, assistance is provided upto a certain amount in the form of equity or grant to State Govt. organisations, cooperatives, voluntary agencies, autonomous bodies, assisted/private sector and joint sector for setting up/upgrading such processing facilities as well as development of infrastructure including post-harvest storage etc. 8 such proposals seeking assistance received from different States/organisations have been approved in the year under report.

In order to ensure regular supply of raw materials to the processing industries, this Ministry seeks to encourage contract farming by the processing industries. Under the scheme for strengthening of backward linkages, assistance is provided for contracts with at least 25 farmers upto 5% of purchase price subject to a ceiling of Rs.10 lakhs per unit. Such proposals were considered in the year under report.

Growing and processing of mushrooms offer a potential both for domestic and export markets. In order to remove major constraints in processing and cultivation of mushrooms, this Ministry is implementing a scheme for development of infrastructure for which assistance is provided for setting up of spawn laboratories, compost pasteurisation and processing facilities for mushrooms. Assistance has been provided for 4 no. of proposals received from different States.

Hops is an essential raw material required for the manufacture of beer. With the increase in production capacity in the beer industry a considerable demand for hops is likely to be generated in the coming years. At present the domestic requirement of hops is met by imports. In order to save foreign exchange, development and processing of hops is being taken up under a scheme formulated for providing assistance for developing hops in hilly regions of UP, HP and J&K etc. During 1992 a sum of Rs.40 lakhs has been released for developing such facilities in the State of Himachal Pradesh.

In order to encourage consumer awareness about the hygiene and convenience of processed food this Ministry is implementing a scheme of generic advertisement of processed food and the importance of FPO symbol. Assistance has been provided to one in West Bengal which undertakes marketing of products of small manufacturers under their common brand name. This Ministry also assists setting up of quality control laboratories.

## अध्याय 6

# दुग्ध और दुग्ध उत्पाद

भारत विश्व के सबसे अधिक पशुधन वाले देशों में से एक है। विश्व की 50% भैसें और 20% गायें भारत में पाई जाती हैं। हमारे देश में पशुधन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा दुधारू पशु अर्थात् गायें और भैसें हैं। हमारे देश में डेरी विकास को आधुनिक भारत के सर्वाधिक सफल विकास कार्यक्रम के रूप में विश्व में मान्यता दी गई है।

भारत, सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरीका के बाद विश्व में दूध का उत्पादन करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत में दूध की बहुलता वाले राज्य उत्तर-प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजसथान, गुजरात, महारापटर, आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक हैं। इन दुग्ध बहुल राज्यों में दुग्ध उत्पादों को सबसे अधिक तैयार किया जाता है। प्रतिवर्प दूध का उत्पादन 560 लाख टन होने का अनुमान है।

देश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 30% दुग्ध उत्पादों में परिवर्तित कर दिया जाता है जिसमें से अकेला घी 85% है। ऐसा अनुमान है कि दुग्ध पाउडर और शिशु दुग्ध आहार का उत्पादन 1991 में 1,50,000 टन से बढ़कर वर्ष 1992 में 1,65,000 टन हो गया है। इसी प्रकार माल्टयुक्त खाद्य, पनीर, संघनित दूध सहित माल्टयुक्त दुग्ध आहारों का उत्पादन वर्ष 1991 के दौरान क्रमशः 4100 टन, 2500 टन और 8100 टन से बढ़ कर वर्ष 1992 के दौरान 41300 टन, 2900 टन और 8400 टन होने का अनुमान है।

दूध का उपयोग अनेक प्रकार के दुग्ध उत्पाद तैयार करने के लिये किया जाता है। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, सीएफटीआरआई और राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल देश में दुग्ध उत्पाद प्रौद्योगिकी के विकास के प्रति उत्तरदायी है और इस कार्य में लगे हुये हैं। इसके अलावा उत्पाद फार्मूलेशन प्रौद्योगिकी के विकास और उपस्करों के विकास के साथ-साथ अनेक यूनिटों ने ऊर्जा बचत उपायों का प्रयोग शुरू कर दिया है।

औद्योगिक विकास एवं विनियमन अधिनियम के अंतर्गत दुग्ध उत्पादों के तैयार करने को लाइसेंस मुक्त कर दिया गया है। विद्यमान यूनिटों द्वारा अपने विस्तार के अलावा देश के विभिन्न भागों में उद्यमियों से अनेक दुग्ध उत्पादों को तैयार करने के लिये दुग्ध उत्पाद निर्माण एकक स्थापित करने के लिये 700 से अधिक ज्ञापन प्राप्त हुये हैं जिनमें दुग्ध शर्करा और छेना जैसे आयात किये जाने वाले एवजी भी शामिल हैं। इन पदार्थों को तैयार करने के लिये विदेशी सहयोग वाले एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। कृपि मंत्रालय ने जून, 1992 में अनिवार्य वस्तु अधिनियम के अंतर्गत देश में दूध और दुग्ध उत्पादों के उत्पादन, आपूर्ति और वितरण को विनियमित करने के लिये दुग्ध और दुग्ध उत्पाद आदेश जारी किया है।

CHAPTER VI

# MILK AND MILK PRODUCTS

India has one of the largest livestock population in the world. Fifty percent of the buffaloes and 20% of the cattle of the world are found in India. The most important constituent of livestock in our country is milk animal both cows and buffaloes. Dairy development in our country has been acknowledged the world over as one of the modern India's most successful developmental programme.

India is today the third largest milk producing country in the world after Soviet Union and United States. The milk surplus States in India are Uttar Pradesh, Punjab, Haryana, Rajasthan, Gujarat, Maharashtra, Andhra Pradesh and Karnataka. The manufacturing of milk products is concentrated in these milk surplus States. Annual milk production is estimated to be 56 Million tonns.

About 30% of the total milk production in the country is converted into milk products of which Ghee alone accounts for 85%. The production of milk powder and Infant milk food is estimated to have increased from 1,50,00 tonnes in 1991 to 1,65000 tonnes in the year 1992. Similarly, the production of malted milk food including malted food, cheese, condensed milk is estimated to have increased from 41,000 tonnes, 2500 tonnes and 8100 tonnes during the year 1991 to 41,300 tonnes, 2900 tonnes and 8400 tonnes respectively during the year 1992.

Milk can be used for manufacturing a number of milk products, The National Dairy Development Board, CFIRI and NDRI karnal are responsible and engaged in the development of milk products technology in the country, Besides product formulation, develolpment of technology and equipments a number of units have started using energy saving devices;

The manufacturing of milk products under the Industries Development & Regulations Act has been delicensed. Above 700 memoranda have been received from the entrepreneurs to set up milk products manufacturing units in different parts of the country besides expansion programmesby the existing units. These proposals include manufacturing of a number of milk products including import substitutes like lactose and Casein. A proposal with foreign collabration to manufacture these items has also been cleared. The Ministry of Agriculture in June, 1992 has issued milk and Milk Products Order under the Essential Commodities Act to regulate the production, supply and distribution of milk and milk products in the country.

# अध्याय - 7

# मांस और पाल्ट्री प्रसंस्करण

खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुमानों के अनुसार विभिन्न प्रकार के मांस और पाल्ट्री उत्पादों का वर्तमान स्तर लगभग 23 लाख टन है। परन्तु भारतीय सांख्यिकीविदों के अनुमान के अनुसार यह 14 लाख टन प्रतिवर्ष है। खाद्य एवं कृषि संगठन और भारतीय सांख्यिकीविदों के बीच अनुमान का अन्तर शायद पशुओं का मान्यता प्राप्त बूचड़खानों से बाहर वध और मांस का प्रसंस्करण करने के कारण है। भारत में लगभग 70 प्रतिशत लोग मांस और/या पाल्ट्री उत्पादों का उपयोग करते हैं। मांस की वृधि दर लगभग 10 परतिशत होने का अनुमान है।

मांस उत्पादन के लिये सामान्यतया जिन पशुओं का उपयोग किया जाता है वे गाय, भैंस एवं बकरी, सूअर और पाल्ट्री हैं। देश के कुछ भागों में विशेषकर उत्तर-पूर्व में मिथुन जैसे पशुओं का भी मांस के लिये उपयोग किया जाता है। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त मांस का प्रतिशत कुल इसके उत्पादन में इस प्रकार है—भेड़ 40%, बकरी 26%, पाल्ट्री 17% सूअर 16% तथा अन्य 1%। परन्तु पशुओं की संख्या की तुलना में वध दर इस प्रकार है—गाय 1.45%, भैंस 3.45%, भेड़ 32.5%, बकरी 35.58%, सुअर 26.21%। देश में पाल्ट्री मांस उत्पादन में वृद्धि हो रही है। ऐसा अनुमान है कि देश में लगभग 1700 लाख चूजों और लगभग 210000 अंडों का उत्पादन किया जाता है और देश में पाल्ट्री प्रसंस्करण में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी लगाई गई थी। इस समय उत्पादित मांस का लगभग 1% मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित कर दिया जाता है और देश में उपभोक्ताओं द्वारा अधिकांश मांस ताजे/फ्रोजन रूप में खरीदा जाता है और घरों, रेस्टोरेंट आदि में इसे विभिन्न मांस उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है। सुअर मांस उत्पादों के मामले में उत्पाद परिवर्तन का कार्य सबसे अधिक किया जाता है।

### मांस प्रसंस्करण

निर्यात और घेरलू उपभोग के लिये भैंसों के वध हेतु देश में 3600 बूचड़खानों के अलावा 5 आधुनिक बूचड़खाने (एबेटायर्स) और एक एकीकृत बूचड़खाना-मांस प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किये गये हैं। संयुक्त सेक्टर में दूसरे एकीकृत भैंस मांस प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा 24 ऐसे मांस प्रसंस्करण संयंत्र हैं जो मुख्यतः मांस उत्पादों के निर्यात में लगे हुये हैं। पिछले एक वर्ष में 11 नये निर्यातोन्मुखी मांस प्रसंस्करण यूनिटों को मंजूरी दी गई है और वह कार्यान्वयनाधीन हैं। इसके अलावा पशुओं की खालों को एकत्र करने, सफाई और निर्यात के लिये कुछ कम्पनियां हैं।

### सुअर प्रसंस्करण

चौथी पंचवर्षीय योजना में सरकारी सेक्टर में स्थापित 8 सुअर मांस फैक्ट्रियों में से 7 कार्य कर रही हैं। इनमें से एक संयंत्र को मांस परिसर में परिवर्तित कर दिया गया है। गुवाहाटी में सरकारी सेक्टर का एक सुअर मांस प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है जिसके लिये इस मंत्रालय द्वारा पिछले वर्ष सहायता प्रदान की गई थी।

### पाल्ट्री प्रसंस्करण

देश में 5 आधुनिक एकीकृत पाल्ट्री प्रसंस्करण संयंत्र कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा छोटे संयंत्र भी बड़ी संख्या में हैं। यद्यपि वह इतने आधुनिक नहीं हैं। यह संयंत्र सफाई किए गए तैयार मुर्गी मांस और मांस के हिस्कों को तैयार कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश, असम और मध्य प्रदेश में क्रमशः एक-एक आधुनिक पॉल्ट्री प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए इस मंत्रालय द्वारा सहायता प्रदान की गई है। विदेशी/अनिवासी भारतीय भागीदारी से 6 बड़े पॉल्ट्री उत्पादन/प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना के लिए एक बड़ी परियोजना को सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। यद्यपि इस समय पॉल्ट्री उत्पादनों का निर्यात



CHAPTER -VII

# MEAT AND POULTRY PROCESSING

The present level of various types of meat and poultry products ie estimated to be about 2.3 million tonnes as per the FAO`s estimate. However, the estimates of the Indian statisticians is about 1.4 million tonnes per year. This defference of estimates between FAO and Indian statisticians is perhaps due to slaughter of animals and processing of meat outside the recognised slaughter houses. Approximately 70% of the Indian population consume meat and/ or poultry products. The growth rate of meat is estimated to be about 10%.

Animals which are generally used for production of meat comprise of cattle, buffaloes, sheep and goats, pigs and poultry. In some parts of the country particularly in the north-east, other species like methun are also used as meat animals. Of the total production, the percentage of meat produced from different sources are: cattle and buffaloes - 40%; Sheep and goat - 26%; poultry 17%; pig - 16%; and others - 1%. However, slaughter rates in relation to the population of the animals are: 1.45% in case of cattle; 3.45% in case of buffaloes; 32.5% in case of sheep; 35.58% in case of of goat; 26.21% in case of pigs. The poultry meat production is gaining ground in the country. It is estimated that about 170 million broilers and about 21,000 million eggs are produced in the country and over Rs. 1000/- crores of capital was employed in the poultry processing in the country. Currently, about 1% of the meat produced is converted into value added products and most meat is purchased by the consumers in the country in the fresh/frozen form and converted into various meat products at homes, restaurants, etc. The maximum conversion takes place only in case of pork products.

## MEAT PROCESSING

Besides about 3600 slaughter houses, there are five modern abattoirs and one integrated abattoir meat processing plantfor slaughtering buffaloes for export and domestic consumption have been set up in the country. Another integrated buffalo meat processing plant in the joint sector is being established. In addition, there are 24 meat processing plants who are mainly engaged in export of meat products. In the last one year, 11 new Export-oriented units of meat processing plants have been approved and are reportedly under implementation. In addition, there are a few companies for collecting, cleaning and exporting animal casings.

## PORK PROCESSING

There are 7 becon factories, out of the 8 set up in the Fourth Five Year Plan in public sector operating. Of these, one plant has been converted into meat complex. A pork processing pant is being set up in Guwahati in the public sector for which assistance was provided by this Ministry last year.

## Poultry processing

There are five modern integrated poultry processing plants fuçntioning in the country. Besides, there are a good number of small plants although not very modern working in the country. These plants are producing dressed frozen chicken and cut parts. A modern poultry processing plant is being established in public sector in Andhra Pradesh, Assam and Madhya Pradesh for which assistance has been provided by this Ministry. One large project for establishment of six large poultry production/

काफी कम है, इन संयंत्रों के स्थापित हो जाने से सरकार ने इनमें से एक संयंत्र को सहायता प्रदान की, जिसके द्वारा 1993-94 में अपना उत्पादन शुरू करने की संभावना है।

## निर्यात

भैंस मांस का उपयोग एक सीमित वर्ग द्वारा ही किया जाता है। अतः देश में उत्पादित अधिकांश मांस का निर्यात किया जाता है, क्योंकि पश्चिम एशिया, मलेशिया और कुछ अफ्रीकी देशों में इस प्रकार के मांस की काफी अच्छी मांग है। इन देशों में बकरी मांस की मांग भी बढ़ रही है। परन्तु भेड़ और बकरी के मांस की स्थानीय मांग को ध्यान में रखते हुए ऐसे मांस का निर्यात सीमित है। पिछले तीन वर्षों में निर्यात किए गए मांस और मांस-उत्पादों का उल्लेख नीचे किया गया है:—

(मात्रा टनों में)
(मूल्य करोड़ रुपए में)

| मद | 1989-90 | | 1990-91 | | 1991-92 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य |
| बकरी मांस | 7474 | 28.83 | 8682 | 32.26 | 9700 | 47 |
| भैंस | 61764 | 90.14 | 62608 | 108.43 | 85300 | 183 |
| योग | 69238 | 118.97 | 71290 | 141.41 | 95000 | 240 |

मांस पॉल्ट्री, खालों आदि का निर्यात वर्ष 1992-93 में 330 करोड़ रुपए मूल्य का होने की आशा है।

## योजना स्कीमों के अन्तर्गत सहायता

इस मंत्रालय ने विभिन्न प्रकार के मांस और मांस-उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए वर्ष 1990-91 से सहायता देना शुरू किया। उस वर्ष आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के राज्य उपक्रमों को पॉल्ट्री प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के लिए सहायता दी गई थी। इस तरह मांस और पॉल्ट्री उत्पादों के भंडारण के लिए फुटकर दुकानों में डीप-फ्रीजर लगाने के लिए महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश को कुछ अनुदान सहायता भी दी गई थी। उचित प्रकार से मांस-उत्पादन के लिए कर्मचारियों और प्रबंधकों को प्रशिक्षण देने हेतु सी एफ टी आर आई मैसूर और आई वी आर आई, इज्जतनगर (उत्तर प्रदेश) को सहायता भी उपलब्ध कराई गई थी। इन संस्थानों ने उस वर्ष में लगभग 70 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया।

इसके बाद वर्ष 1991-92 में पॉल्ट्री, सूअर मांस, और भैंस मांस प्रसंस्करण के विकास के लिए असम, मध्य प्रदेश और पंजाब के राज्य उपक्रमों को सहायता दी गई। यह कार्यान्वयनाधीन है। मांस और पॉल्ट्री उत्पादों के वितरण और बिक्री के लिए असम, आंध्र प्रदेश और मणिपुर के सहकारी/राज्य उपक्रमों को डीप-फ्रीजर खरीदने के लिए भी सहायता दी गई थी। प्रशिक्षण के प्रयोजनों में लिए मंत्रालय ने सीएफटीआरआई, मैसूर , असम पशुधन और पाल्ट्री निगम, गुवाहटी, आंध्र प्रदेश, मांस और पॉल्ट्री विकास निगम, हैदराबाद और पॉल्ट्री प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान, पूना को सहायता प्रदान की और इनके द्वारा 100 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी आर्थिक संभाव्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए पश्चिम बंगाल, मणिपुर, असम के राज्य उपक्रमों और सहकारिताओं को भी मंत्रालय ने सहायता प्रदान की। रिपोर्टाधीन वर्ष में भैंस मांस/भेड़ और बकरी मांस/सूअर मांस/पॉल्ट्री प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना के लिए पंजाब, मिजोरम, नागालैंड, असम और कर्नाटक के सरकारी उपक्रमों/सहकारिताओं को सहायता प्रदान की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई कुल सहायता 2.60 करोड़ रुपए है।

processing units with foreign/NRI participation has been approved by the Government. Presently, although the export of poultry products is very little, with these plants coming up, the exports, will go up, tour 100% export oriented egg processing plants have also been approved. The Government provided assistance to one of these plants which is likely to start its production in 1993-94.

## EXPORTS

Buffalo meat is consumed by a restricted section of the population. Therefore, most buffalo meat produced in the country is exported as there is a good demand for this type of meat in West Asia, Maalaysia, and some of the African countries, The demand for mutton in these countries is also increasing. However, considering the local demand of meat from sheep and goat, export of such meat is limited. The export of meat and meat products in the last three years is indicated beow:

(Quantity in tonnes)
(Value in Rs. Crores)

| Item | 1989-90 | | 1990-91 | | 1991-92 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Qty. | Value | Qty. | Value | Qty. | Value |
| Mutton & Goat Meat | 7474 | 28.83 | 8682 | 31.26 | 9700 | 47 |
| Buffalo Meat | 61764 | 90.14 | 62608 | 108.43 | 85300 | 183 |
| **Total** | **69238** | **118.97** | **71290** | **139.69** | **95000** | **230** |

In 1992-93, the export of meat, poultry, casings, etc., is likely to touch Rs. 330 crores.

## ASSISTANCE UNDER PLAN SCHEMES

The Ministry started providing assistance to various meat and meat products processing from the year 1990-91. In that year, State Undertakings of Andhra Pradesh and Uttar Pradesh were assisted for establishment of pultry processing plant. Similarly some grants-in-aid were also provided to Maharashtra and Uttar Pradesh for setting up of deep freezers in retail outlets to store meat and poultry products. Assistance was also made available to CFTRI, Mysore and IVRI, Izzatnagar (UP) for training of operatives and managers for proper meat production. These institutes have trained about 70 candidates in that year.

Subsequently, in 1991-92, assistance was provided for development of poultry, pork and buffalo meat processing to State Undertakings in Assam, Madhya Pradesh and Punjab which are under implementation. Assistance was also provided for procuring deep freezers to the cooperatives/State Undertakings of Assam, Andhra Pradesh and Manipur for distribution and retailing of meat and poultry products. For training purposes, the ministry provided assistance to CFTRI, Mysore, Assam Livestock and Poultry Corporation, Guwahati, Andhra Pradesh meat and Poultry Development Corporation, Hyderabad and 100 operators and managers were trained. The Ministry also provided assistance to cooperatives and State Undertakings in West Bengal, Manipur and Assam for preparation of techno-economic feasiblity reports.

In the year under report, assistance has been provided to cooperatives/State Undertaings of Punjab, Mizoram, Nagaland, Assam, and Karnataka for setting up of buffalo meat/sheep and goat meat/pork/poultry processing plants. The total assistance provided is over Rs. 2.60 crores in the

इसके अलावा, इस मंत्रालय ने पिछड़े संपर्कों को सुदृढ़ करने के लिए असम पशुधन और पाल्ट्री निगम तथा तकनीकी आर्थिक सम्भाव्यता रिपोर्टें तैयार करने के लिए मिजोरम, असम, मध्य प्रदेश और कर्नाटक को भी सहायता प्रदान की। मांस और मांस-उत्पादों का वैज्ञानिक रूप में उत्पादन करने के लिए इस मंत्रालय ने 115 कर्मचारियों और 25 व्यावसायिकों के प्रशिक्षण आयोजन के लिए भी सहायता दी।

current financial year. In addition, the Ministry has also provided assistance for backward linkages to Assam Livestock and Poultry Corporation and for preparation of techno-economic feasibility reports to Mizoram, Assam, Madhya Pradesh, and Karnataka. The Ministry also assisted organisations for training of 115 operatives and 25 professionals for scientific production of meat and meat products.

# अध्याय 8

# गहन समुद्री मात्स्यिकी

## संयुक्त उद्यम परीक्षण मात्स्यिकी और पट्टेदारी

मार्च 1993 में घोषित नई गहन समुद्री मात्स्यिकी नीति 92-93 के दौरान पूर्णतः प्रभावकारी हो गयी क्योंकि संयुक्त उद्यम, परीक्षण मात्स्यिकी और पट्टेदारी के अन्तर्गत बहुत से जलयानों को स्वीकृति प्रदान की गयी और कुछ जलयानों ने कार्य करना आरंभ कर दिया। नई गहन समुद्री मात्स्यिकी नीति लागू होने के बाद संयुक्त उद्यम पट्टेदारी, परीक्षण मात्स्यिकी और जलयान प्राप्त करने के लिए 35 आवेदन इस मंत्रालय में प्राप्त हुए। इनमें से 20 प्रस्ताव संयुक्त उद्यम के लिए, 6 परस्ताव पटटेदारी के लिए 7 प्रस्ताव परीक्षण मात्स्यिकी के लिए और 2 प्रस्ताव गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयान प्राप्त करने के लिये हैं। उपर्युक्त 35 आवेदनों में से मंत्रालय द्वारा संयुक्त उद्यम के 16 प्रस्तावों पट्टेदारी के 3 प्रस्तावों संयुक्त उद्यम वाले परीक्षण मात्स्यिकी के 6 प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दे दी गयी है। उक्त तीन स्कीमों के अन्तर्गत स्वीकृत मामलों में निहित जलयानों की कुल संख्या 113 है। नई गहन समुद्री मात्स्यिकी उपलब्धियों में से एक उपलब्धि गैर-श्रिम्प संसाधनों के दोहन के लिए बड़े गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयानों द्वारा कार्य आरंभ करना है। बहुत सी कंपनियों द्वारा परीक्षण मात्स्यिकी के लिए भी जलयान लाये गये हैं। जो अन्ततः संयुक्त उद्यमों के रूप में कार्य करेंगे। जिन कंपनियों ने विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयानों का प्रचालन आरंभ किया है उनके नाम, जलयानों के ब्यौरे के साथ इस प्रकार हैं:—

सारणी-4

| क्र॰सं॰ | कंपनी का नाम | जलयानों के ब्यौरे | परियोजना की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1. | मै॰ लियो सी फूड लिमिटेड, नई दिल्ली | एक 83 मीटर स्टर्न ट्रालर सभी प्रकार की मछलियों के लिए | उत्तर कोरियाई कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम |
| 2. | मै॰ ओरियन्टल हाई सीज फिसरीज लि॰, विशाखापत्तनम | एक्र 110 मीटर स्टर्न ट्रालर सुरिमी और फिस फिलेट्स के उत्पादन के लिए | जापानी कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम |
| 3. | मै॰ इंडामर फिसरीज लि॰, नई दिल्ली | दो 37 मीटर स्टर्न ट्रालर सभी प्रकार की मछली के लिए | थाई कम्पनी के साथ संयुक्त उद्यम |



CHAPTER VIII

# DEEP SEA FISHING

## Joint Ventures Test Fishing and leasing

New Deep Sea Fishing Policy announced in March 1991 became fully effective during the year 1992-93 as a number of vessels under Joint Ventures, Test Fishing and Leasing were permitted and operation of a few vessels was started. Since the inception of the new deep sea fishing policy, 35 applications for joint ventures, leasing, test-fishing and acquisition were received in the Ministry. This consists of 20 (twenty) proposals for joint ventures, 6 (six) proposals for leasing, 7 (seven) proposals for test fishing and 2 (two) proposal for acquisition of deep sea fishing vessels. Out of the above 35 proposals, permission has already been accorded by the Ministry for 16 joint venture proposals, 3 proposals for leasing and six proposals for test fishing leading to joint venture. The total number of vessels involved in the cases cleared under the above three schemes is 113. One of the achievements of the New Deep Sea Fishing Policy is the introduction of large deep sea fishing vessels for harvesting of non-shrimp resources. A number of companies have also brought vessels for test fishing, which would ultimately lead to joint ventures. The names of the companies, who have started operations of deep sea fishing vessels under various schemes with the particulars of the vessels, are given below:

**Table 4**

| S.No. | Name of the Company | Particulars of the vessel | Type of project |
|---|---|---|---|
| 1. | M/s Leo Sea Food Ltd., New Delhi. | 83-Metre Stern Trawler - 1 No. All types of fish. | Jt. Venture with North Korean Co. |
| 2. | M/s Oriental High Seas Fisheries Ltd., Visakhapatnam. | 110-Metre Stern Trawler -1 No. for production of Surimi & Fish Filletes. | Joint Venture with Japanese Company |
| 3. | M/s Indamar Fisheries Ltd., New Delhi | 37-Metre Stern Trawler - 2 Nos. All types of fish. | Jt. Venture with Thai Company. |

| क्र॰सं॰ | कंपनी का नाम | जलयानों के ब्यौरे | परियोजना की किस्म |
|---|---|---|---|
| 4. | मै॰ सोविन सी फूड लि॰, नई दिल्ली | एक 104 मीटर स्टर्न ट्रालर सभी प्रकार की मछली के लिए | रूसी कम्पनी के साथ परीक्षण मात्स्यिकी सहयोग |
| 5. | मै॰ सर्व कन्सुलेट मैरीन प्रोडक्टस प्रा॰ लि॰, नई दिल्ली | एक 55 मीटर स्टर्न ट्रालर सभी प्रकार की मछली के लिए | रूसी कंपनी के साथ परीक्षण मात्स्यिकी |
| 6. | मै॰ बोयन्सी, नई दिल्ली | एक 79.20 मीटर स्टर्न ट्रालर सभी प्रकार की मछली के लिए | कोरिया की कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम |

उपर्युक्त तालिका से यह पता चलता है कि संयुक्त उद्यम / परीक्षण मात्स्यिकी के अन्तर्गत 6 कंपनियों ने 7 जलयानों से प्रचालन आरंभ कर दिया है। गैर-श्रिम्प संसाधनों के दोहन के लिए इन बड़े अत्याधुनिक गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयानों के चलाये जाने की शुरुआत से यह पता चलता है कि गहन समुद्री मात्स्यिकी परियोजनाएं अधिक मूल्यवान क्रस्टेसियन संसाधनों के दोहन के बिना भी अर्थक्षम हो सकती हैं। संयुक्त उद्यमों और संयुक्त उद्यमों के लिए परीक्षण मात्स्यिकी के स्वीकृत कुल प्रस्तावों की संख्या 22 है। आशा है कि इन परियोजनाओं से 58 लाख अमरीकी डालर का कुल विदेशी पूंजी निवेश होगा।

## मछली प्रसंस्करण में 100% निर्यातोन्मुखी यूनिट

गहन समुद्री मात्स्यिकी के अलावा श्रिम्प मछली पालन / मछली प्रसंस्करण तथा विपणन के लिए 100 प्रतिशत निर्यातोन्मुखी यूनिट स्थापित करने हेतु 36 प्रस्तावों को 92-93 के दौरान मंजूरी दी गयी है। इनमें से 6 परियोजनाएं विदेशी इक्विटी भागीदारी वाले संयुक्त उद्यम हैं। इन परियोजनाओं में कुल विदेशी पूंजी निवेश से लगभग 1230 लाख अमरीकी डालर होगा। 100 प्रतिशत विदेशी निवेश के साथ ताजे जल की झींगापालन और प्रसंस्करण के लिए पहली बार मंजूरी दी गयी है जिसका लक्ष्य 1500 मी॰ टन / हेक्टेअर उत्पादन प्राप्त करना है।

## गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयानों के लिए वित्तपोषण

गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयान प्राप्त करने के लिए उदार शर्तों पर ऋण देकर गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयानों के वित्त पोषण का कार्य शिपिंग डेवलपमेंट फंड कमेटी (एस॰डी॰एफ॰सी॰) द्वारा किया जाता था। शिपिंग डेवलपमेंट फंड कमेटी द्वारा 85 कंपनियों द्वारा 156 गहन समुद्री जलयान प्राप्त करने के लिए वित्त पोषण किंया गया था।

एस॰डी॰एफ॰सी॰ को अप्रैल 1987 में समाप्त कर दिया गया और गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयानों को प्राप्त करने के लिए वित्त पोषण का कार्य शिपिंग क्रेडिट एन्ड इनवेस्टमेंट कंपनी आफ इंडिया लि॰ (एस॰सी॰आई॰सी॰आई॰) ने ले लिया। एस॰सी॰आई॰सी॰आई॰ ने 36 जलयान प्राप्त करने के लिए 73.06 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। प्रचालन और प्रबन्ध संबंधी विभिन्न समस्याओं के कारण गहन समुद्री मात्स्यिकी उद्योग में अधिकांश कंपनियों को घाटा हुआ है। गहन समुदरी

| S.No. | Name of the Company | Particulars of the vessel | Type of project |
|---|---|---|---|
| 4. | M/s Sovin Sea Food Ltd., New Delhi | 104-Metre stern Trawler - 1 No. All types of fish. | Test Fishing in Collaboration with Russian Company |
| 5. | M/s Sarb Consulate Marine Products Pvt. Ltd., New Delhi | 55-Metre Stern Trawler - 1 No. All types of fish. | Test Fishing with Russian Company |
| 6. | M/s Buoyancy, New Delhi. | 79.20 Metre Stern Trawler - 1 No. All types of fish. | Jt. Venture with Korean Company. |

From the above Table, it could be observed that six companies have started operation of 7 vessels under joint ventures/test fishing. The initial trend on operation of these large sophisticated deep sea fishing vessels for harvesting of non-shrimp resources indicate that deep sea fishing projects can be viable even without the exploitation of high valued crustaceans resources. The total number of proposals cleared for joint ventures and test fishing leading to joint ventures is 22. The total foreign investment expected from these projects is US $ 5.8 million.

## 100% EOU'S in Fish Processing

Apart from deep sea fishing, 36 proposals to set up 100% EOU in shrimp acquaculture/ fish processing and marketing have been cleared during 1992-93. Six projects out of these, involve joint ventures with foreign equity participation. The total foreign investment in these projects would be US $ 123 million approx. Farming and processing of fresh water prawn with 100% foreign investment has been permitted for the first time to achieve production of 1500 Mt/hectare.

## Financing for deep sea fishing vessels

The task of financing of deep sea fishing vessels was performed by Shipping Development Fund Committee (SDFC) by providing soft loans for acquisition of deep sea fishing vessels. the SDFC had financed acquisition of 156 deep sea fishing vessels by 85 companies.

The SDFC was abolished in April, 1987 and the Shipping Credit and Investment Company of India Ltd. (SCICI) took up the work of financing of acquisition of deep sea fishing vessels. SCICI has sanctioned an amount of Rs.73.06 crores for acquisition of 36 vessels. Due to various operational and managerial problems, most of the companies in deep sea

मात्सियकी उद्योग संघ द्वारा दिये गये अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि पूर्ववर्ती एस॰डी॰एफ॰सी॰ द्वारा सहायित मात्स्यिकी कंपनियों को पुनर्वास रियायतें प्रदान की जानी चाहिए। मंत्रालय के आदेश पर एस॰सी॰आई॰सी॰आई॰ द्वारा 4 अप्रैल 1991 को गहन समुद्री मात्स्यिकी उद्योग के लिए पुनर्वास स्कीमें घोषित की गयी जिसमें बहुत सी रियायतें जैसे दण्डब्याज की माफी, ऋण वापसी के लिए समय बढ़ाया जाना आदि शामिल हैं। इस पुनर्वास स्कीम को जून 1992 में और अधिक उदार बना दिया गया। 42 गहन समुद्री मात्स्यिकी कम्पनियों के पुनर्वास प्रस्ताव मंजूर कर लिए गये हैं।

## गहन समुद्री मात्स्यिकी के विकास हेतु स्कीम

गहन समुद्री मात्स्यिकी सेक्टर के समन्वित विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मंत्रालय ने बुनियादी ढ़ाचें के विकास से संबंधित निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित कीं:—

### 1. कौल्ड चेन स्थापित करने की स्कीम

यह स्कीम, बड़े मछली उत्पादन केन्द्रों और विपणन केन्द्रों में मछली के परिरक्षण और आपूर्ति के लिए कोल्ड स्टोरेज बर्फ संयंत्र और उष्मारोधी वाहनों जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए है। इस स्कीम के कार्यान्वयन के लिए आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, केरल और पश्चिम बंगाल से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एक करोड़ के बजट आबंटन में से वर्ष 1992-93 के दौरान आन्ध्र प्रदेश फिसरीज कार्पोरेशन को 39.5 लाख रुपये की राशि पहले ही प्रदान कर दी गयी है। अन्य प्रस्ताव विचाराधीन हैं।

### 2. टूना और अन्य मछलियों के प्रसंस्करण के लिए स्कीम

भारतीय विशिष्ट आर्थिक जोन से प्रतिवर्ष 39 लाख टन मछली संसाधनों के दोहन की संभावना है। इसमें से 25 लाख टन टूना संसाधन होने का अनुमान है। इस संभावना को देखते हुए ताजी/फ्रोजन और डिब्बाबन्द टूना सुविधाएं तैयार करना आवश्यक समझा गया है। इसके लिए इसके देश में टूना और अन्य मछलियों के प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया गया है। इस स्कीम के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र/संयुक्त क्षेत्र/राज्य स्तरीय सहकारिताओं इत्यादि को परियोजना की पूंजीगत लागत के 50 प्रतिशत तक अनुदान देकर सहायता देने का प्रस्ताव है। यह सहायता टूना, श्रिम्प, लाबस्टर और वार्स फिस जैसी मछलियों के प्रसंस्करण के लिए आधुनिक/अत्याधुनिक मछली प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने हेतु दी जायेगी। 1992-93 के दौरान इस स्कीम के अन्तर्गत सहायता देने के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गयी है।

### 3. तटरक्षक बल के लिए संचार सुविधाएं स्थापित करने हेतु धनराशि की व्यवस्था करके भारतीय सामुद्रिक क्षेत्र अधिनियम, 1981 के प्रभावकारी कार्यान्वयन की स्कीम

चूंकि तट रक्षक बल को भारतीय सामुद्रिक क्षेत्र अधिनियम, 1981 के अन्तर्गत विदेशी जलयानों द्वारा मछली पकड़ने पर निगरनी रखने के लिए प्राधिकृत किया गया है अतः मात्स्यिकी जलयान के साथ जलयान से तट तक सीधी रेडियो संचार व्यवस्था लगाने हेतु धन-राशि उपलब्ध करके तट रक्षक बल की संचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता महसूस की गयी। इसके अलावा इस सुविधा से तट रक्षक बल को समुद्र में मछली पकड़ रहे भारतीय स्वामित्व वाले जलयानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपेक्षित सहायता देने में भी मदद मिलेगी। इस स्कीम के लिए 1992-93 के दौरान 1 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गयी है और तट रक्षक बल के अनुरोध पर इस राशि को उन्हें देने की प्रक्रिया चल रही है।

fishing industry have incurred losses. The Government decided that the erstwhile SDFC-assisted fishing companies should be provided rehabilitation reliefs after taking into account representations made by the Association of deep sea fishing industry. On the behest of this Ministry, a rehabilitation scheme for deep sea fishing industry was announced on 4th April, 1991 by SCICI which includes various reliefs such as waiver of penal interest, extended time for repayment of loan etc. This rehabilitation scheme was further liberalised in June, 1992. The rehabilitation proposals from 42 deep sea fishing companies have been approved.

## Scheme for development of Deep Sea Fishing

With a view to achieving an integrated development of the deep sea fishing sector, the Ministry implemented the following schemes relating to infrastructure development:

(i) **Schemes for setting up of Cold Chain**

This is a scheme for development of infrastructure facilities of cold storages, ice plants and insulated vehicles for preservation and supply of fish at major fish producing centres and marketing centres. Proposals for implementing this scheme have been received from the States of Andhra Pradesh, Orissa, Kerala and West Bengal. Out of a budget allocation of Rs.1 crores, Rs.39.5 lakhs has already been released to the Andhra Pradesh Fisheries Corporation (APFC) during the year 1992-93. Other proposals are under consideration.

(ii) **Scheme for Tuna and other fish processing**

The potential of annual exploitable fishing resources from the Indian EEZ is 3.9 million tonnes. Out of this, the tuna resources are estimated to be around 2.5 lakh tonnes. Considering the potential, it is felt necessary to build up facilities for handling tuna in fresh/frozen and canned forms. Towards this end, it has been decided to establish tuna and other fish processing centres in the country. Under this scheme it is proposed to assist public sector/joint sector/State level cooperatives etc. by providing grant to the extent of 50% of the capital cost of the project. The assistance would be provided for setting up of modern/sophisticated fish processing plants for processing quality fish like tuna, shrimp, lobster and also trash fish. During 1992-93, an amount of Rs.1 crore has been earmarked for providing assistance under this scheme.

(iii) **Scheme for effective implementation of MZI Act, 1981 by providing funds for installation of communication facilities to Coast Guard**

Since Coast Guard are authorised to monitor fishing by foreign vessels under the MZI Act, 1981, a need was felt to strengthen their communication facilities by providing funds for them to set up ship to shore and vice versa direct voice (radio) communication link with fishing vessels. Apart from this, the link will also help the Coast Guard in ensuring safety of the Indian owned vessels fishing at sea and in rendering any assistance required. During 1992-93 an amount of Rs.1 crore has been earmarked for this scheme and the request of the Coast Guard for release of this amount is under process.

4. गहन समुद्री मात्स्यिकी जलयान प्राप्त करने के लिए ऋण पर ब्याज सब्सिड़ी प्रदान करने की स्कीम

एस॰सी॰आई॰सी॰आई॰ द्वारा गहन समुद्री मात्स्यिकी कम्पनियों को जलयान प्राप्त करने के लिए रियायती दरों पर ऋण दिए जाने के लिए यह महसूस किया गया कि एस॰सी॰आई॰ सी॰आई॰ को ब्याज के अन्तर की राशि सब्सिड़ी के रूप में प्रदान की जाय। वर्ष 1992-93 के दौरान इस स्कीम के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गयी है और इस स्कीम के अन्तर्गत सहायता के लिए एफ॰सी॰आई॰सी॰आई॰ का अनुरोध विचाराधीन है।

5. गहन समुद्री मात्स्यिकी और प्रसंस्करण उद्यमों में मपेडा के माध्यम से इक्विटी भागीदारी की स्कीम

विविधीकृत क्षेत्रों में गहन समुद्री मात्स्यिकी में पूंजी बहुत अधिक लगती है। मपेडा के पास पहले ही इस क्षेत्र में कम्पनियों की इक्विटी में भागीदारी की एक स्कीम है ताकि उद्यमियों का वित्तीय भार कम किया जा सके और उनके कुशल प्रबन्ध में मपेडा की अनुकूल भागीदारी की व्यवस्था हो सके। इस स्कीम के अन्तर्गत धनराशि मपेडा को प्रदान की जायेगी जो इससे गहन समुद्री मात्स्यिकी कम्पनियों के साथ इक्विटी भागीदारी की व्यवस्था करेगा। वर्ष 1992-93 के दौरान इस स्कीम के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गयी है।

6. विविधीकृत मात्स्यिकी के लिए सहायता

यह महसूस किया गया है कि श्रिम्प संसाधनों का दोहन अधिकतम स्तर तक हो चुका है और मौजूदा श्रिम्प ट्रालरों में से कुछ में विविधीकृत मात्स्यिकी के लिए सुधार करने की आवश्यकता है। इस स्कीम के अन्तर्गत धनराशि मपेडा को प्रदान की जायेगी जो इसे जलयानों/ट्रालरों में सुधार की लागत पर सब्सिडी के रूप में सहायता देने पर खर्च करेगा। वर्ष 1992-93 के दौरान इस स्कीम के लिये 50 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गयी है।

7. राष्ट्रीय समुद्री मात्स्यिकी विकास बोर्ड

देश में गहन समुद्री मात्स्यिकी सेक्टर का समन्वयकारी ढंग से समग्र विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को देखते हुए राष्ट्रीय समुद्री मात्स्यिकी विकास बोर्ड बनाना आवश्यक समझा गया। इस बोर्ड को पंजीकृत सोसायटी के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस बोर्ड के लिए 1992-93 के दौरान 1 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गयी है। बोर्ड की स्थापना के लिए प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं प्रगति पर हैं।

## भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, बम्बई

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण कार्यालय, बम्बई, भारतीय विशिष्ट आर्थिक जोन में समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों के सर्वेक्षण और मूल्यांकन करने के लिये एक नोडल एजेंसी है। इस संस्थान का मुख्यालय बम्बई में स्थित है। सात परिचालन केन्द्र पश्चिमी तट में पोरबंदर, बम्बई, मरमूगांव और कोचीन में पूर्वी तट में मद्रास और विशाखापत्तनम में और अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर में स्थित हैं। परिक्षणात्मक और अन्वेषणात्मक मात्स्यिकी के माध्यम से यह संस्थान भारत में तट से दूर और समुद्र के अन्दर मात्स्यिकी के विकास में सहायक रहा है। वर्ष 1992-93 के दौरान मात्स्यिकी संसाधनों का सर्वेक्षण/मानिटरिंग सर्वेक्षण जारी रखा गया और विभिन्न तकनीकों का परीक्षण किया गया।

(iv) **Scheme for providing interest subsidy on loan for acquisition of deep sea fishing vessels**

In order to provide loans to deep sea fishing companies for acquisition of vessels on concessional rate of interest by SCICI, it was felt that an interest differential subsidy be provided to SCICI. During the year 1992-93, an amount of Rs.1 crore has been earmarked for this scheme and the request of SCICI for assistance under this scheme is under consideration.

(v) **Scheme for equity participation in Deep Sea Fishing and processing ventures (through MPEDA)**

Deep sea fishing in diversified fields has become capital intensive. MPEDA have already got a scheme to participate in the equity of companies in this field in order to reduce financial burden on the entrepreneurs and also to provide positive participation of MPEDA in their efficient management. The funds under the scheme will be released to MPEDA, who in turn will provide their equity participation to deep sea fishing companies. An amount of Rs.1 crore has been earmarked for this scheme during 1992-93.

(vi) **Assistance for diversified fishing**

It is felt that exploitation of shrimp resources has reached a saturation point and there is a need for some of the existing shrimp trawlers to be modified to do diversified fishing. The funds under this scheme would be released to MPEDA who will in turn provide assistance as subsidy on the cost of modification of the vessels/trawlers. An amount of Rs.50 lakhs has been earmarked for this scheme during 1992-93.

(vii) **National Marine Fisheries Development Board (NMFDB)**

Considering the need to promote the overall development of the deep sea fishing sector in the country in a coordinated manner, it was felt necessary to form a National Marine Fisheries Development Board. This Board is proposed to be set up as a registered society. An amount of Rs.1 crore has been earmarked for this Board during 1992-93. The procedural formalities for setting up of this Board are in progress.

## FISHERY SURVEY OF INDIA, BOMBAY

